# खेल ढाबा

पटना, बुधवार, 13 सितंबर, 2023, ई-पेपर

RNI NUMBER APPLIED









डोप टेस्ट में फेल हुए स्टार फुटबॉलर पॉल पोग्बा, लग सकता है बैन पेज 03

झारखंड अंतर जिला फुटबॉल में चक्रधरपुर, गिरीडीह और साहिबगंज जीते पेज 02

वनडे में दक्षिण अफ्रीका की ऑस्ट्रेलिया पर बंपर जीत पेज 04

डोपिंग मामले में स्टार महिला टेनिस प्लेयर हालेप पर चार साल का प्रतिबंध पेज 03




# भारत एशिया कप के फाइनल में

## बेकार गई वेलालागे की मेहनत, कुलदीप की फिरकी का चला जादू, श्रीलंका 41 रनों से हारा

**कोलंबो, 12 सितंबर**

बेहतरीन गेंदबाजी और क्षेत्ररक्षण की बदौलत भारत ने मंगलवार को एक लो स्कोरिंग मैच में मेजबान श्रीलंका को 41 रनों से हरा कर शान के साथ एशिया कप 2023 के फाइनल में प्रवेश कर लिया।

भारत ने पहले बल्लेबाजी करते हुये 49.1 ओवर में 213 रन बनाये जिसके जवाब में श्रीलंका की पूरी टीम 41.3 ओवर के खेल में 172 रन बना कर पवेलियन लौट गयी। भारत की इस जीत में गेंदबाजों के साथ साथ क्षेत्ररक्षण का भी योगदान अहम रहा। पाकिस्तान के खिलाफ पांच विकेट लेने वाले कुलदीप यादव ने श्रीलंका के खिलाफ भी शानदार गेंदबाजी का मुजाहिरा किया और 43 रन देकर चार विकेट लिये वहीं बल्लेबाजी में विफल रहे रवीन्द्र जडेजा ने कप्तान दसून शानका (9) के अलावा धनंजय डिसिल्वा (41) का विकेट लेकर दुनिथ वेल्लालगे (41) के साथ पनप रही खतरनाक साझीदारी को तोड़ा जो अंततः भारत की जीत का कारक बनी।

हार्दिक पंडया ने बीच के ओवरों में अपनी भूमिका का बखूबी निर्वहन किया। उन्होने कंजूसी भरी गेंदबाजी करते हुये महीश थीक्षणा (2) का विकेट चटकाया जिनका शानदार कैच मिड आन पर स्थानापन्न खिलाड़ी सूर्यकुमार यादव ने डाइव लगाते हुये लिया। इससे पहले जसप्रीत बुमराह ने पथुम निसंका (6) और कुसल मेंडिस (15) का विकेट चटका कर भारत की उम्मीदों को पंख लगाये।दिमुथ करुणारत्ने (2) को मोहम्मद सिराज ने शुभमन गिल के हाथों कैच आउट कर निपटाया। भारत की जीत के बावजूद श्रीलंका के हरफनमौला दुनिथ वेलालागे पूरे मैच में आकर्षण का केंद्र बने। बीस वर्षीय युवा वेलालागे ने न सिर्फ पांच अहम विकेट चटका कर भारत की पारी को कम स्कोर पर सीमित करने में महती भूमिका निभायी बल्कि बाद में बल्ले से भी शानदार प्रदर्शन करते हुये नाबाद 42 रन बनाये। उन्हे प्लेयर आफ द मैच घोषित किया गया।




इससे पहले दुनिथ वेलालागे (40 रन पर पांच विकेट) और चरिथ असलंका (18 रन पर चार विकेट) की घातक फिरकी गेंदबाजी के बीच कप्तान रोहित शर्मा (53),इशान किशन (33) और के एल राहुल (39) की उपयोगी पारियों की मदद से भारत ने 49.1 ओवर के खेल में 213 रन बनाये।

आर प्रेमदास स्टेडियम पर टास जीत कर पहले बल्लेबाजी करने उतरी भारतीय टीम ने सधी शुरूआत की। रोहित शर्मा ने शुभमन गिल (19) के साथ पहले 11 ओवर में तेज गति से 80 रन जोड़े। तेज गेंदबाजो की धुनायी होते देख श्रीलंका के कप्तान दसून शनाका ने गेंद स्पिनरों को थमायी जिन्होने निराश नहीं किया। बीस वर्षीय वेल्लालगे ने सबसे पहले गिल को क्लीन बोल्ड आउट कर चलता किया जबकि अपने अगले ओवर में उन्होने विराट कोहली (3) को मिड विकेट पर कैच करा कर भारत को सबसे बड़ा झटका दिया। भारतीयों के लिये खतरनाक बन चुके वेल्लालगे यहीं नहीं थमे और उन्होने रोहित शर्मा की गुल्लियां उड़ा कर विपक्षी टीम को बैकफुट पर ला दिया। मात्र 11 रनों के अंतर पर तीन अहम विकेट गंवाने के बाद इशान किशन और केएल राहुल ने धैर्य का परिचय देते हुये स्कोरबोर्ड को आगे चलाना शुरू किया। दोनो खिलाडियों ने चौथे विकेट के लिये महत्वपूर्ण 63 रन जोड़े मगर इस बीच राहुल वेल्लालगे की एक गेंद पर रिवर्स कैच थमा बैठे। हार्दिक पंड्या (5) और रवीन्द्र जडेजा (4) चरिथ असलंका के शिकार बने। उनके सस्ते में आउट होने से टीम पर फिर संकट के बादल मंडराने लगे। बुमराह (5) और कुलदीप यादव (0) के आउट होने के बाद भारतीय पारी के 200 रनों के भीतर सिमटने की संभावना प्रबल हो चुकी थी मगर आखिरी बल्लेबाज के तौर पर क्रीज पर उतरे मोहम्मद सिराज (5 नाबाद) ने अक्षर पटेल (26) का भरपूर साथ निभाते हुये स्कोर को 213 रनों तक पहुंचाने मे सफलता हासिल की। वेल्लालगे के अलावा असलंका श्रीलंका की ओर से सर्वाधिक प्रभावी गेंदबाज बने जिन्होने नौ ओवरों में मात्र 18 रन खर्च कर चार विकेट अपनी झोली में डाले और स्पिन के खिलाफ भारत की मजबूत बल्लेबाजी को बौना साबित कर दिया।

## स्कोर कार्ड

| भारत पारी | रन | गेंद | चौका | छक्का |
|---|---|---|---|---|
| रोहित शर्मा बो वेलालगे | 53 | 48 | 07 | 02 |
| शुभमन गिल बो वेलालगे | 19 | 25 | 02 | 00 |
| कोहली का शनाका बो वेलालगे | 03 | 12 | 00 | 00 |
| ईशान का वेलालगे बो असलंका | 33 | 61 | 01 | 01 |
| लोकेश राहुल का एवं बो वेलालगे | 39 | 44 | 02 | 00 |
| पंड्या का मेंडिस बो वेलालगे | 05 | 18 | 00 | 00 |
| जडेजा का मेंडिस बो असलंका | 04 | 19 | 00 | 00 |
| अक्षर का समरविक्रमा बो तीक्षणा | 26 | 36 | 00 | 01 |
| जस्प्रीत बुमराह बो असलंका | 05 | 12 | 00 | 00 |
| कुलदीप का डिसिल्वा बो असलंका | 00 | 1 | 00 | 00 |
| मोहम्मद सिराज नाबाद | 05 | 19 | 00 | 00 |

**अतिरिक्त**: (लेग बाई: 01, वाइड:20 ) 21

**कुल योग** ( 49.1 ओवर में सभी आउट) 213 रन

**विकेट पतन**: 1-80 (शुभमन गिल, 11.1 ओवर), 2-90 (विराट कोहली, 13.5 ओवर), 3-91 (रोहित शर्मा, 15.1 ओवर), 4-154 (के एल राहुल, 29.6 ओवर), 5-170 (इशान किशन, 34.2 ओवर), 6-172 (हार्दिक पंड्या, 35.6 ओवर), 7-178 (रवींद्र जाडेजा, 38.5 ओवर), 8-186 (जसप्रीत बुमराह, 42.1 ओवर), 9-186 (कुलदीप यादव, 42.2 ओवर), 10-213 (अक्षर पटेल, 49.1 ओवर)

| गेंदबाजी: | ओवर | मेडन | रन | विकेट |
|---|---|---|---|---|
| कासुन राजिता | 04 | 00 | 30 | 00 |
| महीश तीक्षणा | 9.1 | 00 | 41 | 01 |
| दासून शनाका | 03 | 00 | 24 | 00 |
| मथीश पथिराना | 04 | 00 | 30 | 00 |
| दुनिथ वेलालगे | 10 | 01 | 40 | 05 |
| धनंजय डिसिल्वा | 10 | 00 | 28 | 00 |
| चरिथ असलंका | 09 | 01 | 18 | 04 |

| श्रीलंका पारी | रन | गेंद | चौका | छक्का |
|---|---|---|---|---|
| निसंका का राहुल बो बुमराह | 06 | 07 | 01 | 00 |
| करुणारत्ने का गिल बो सिराज | 02 | 18 | 00 | 00 |
| कुसल का सब. एस ए यादव)बो बुमराह | 15 | 16 | 03 | 00 |
| सदीरा स्टं राहुल बो कुलदीप | 17 | 31 | 01 | 00 |
| असलंका का राहुल बो कुलदीप | 22 | 35 | 02 | 00 |
| धनंजय का गिल बो जडेजा | 41 | 66 | 05 | 00 |
| शानका का रोहित बो जडेजा | 09 | 13 | 01 | 00 |
| दुनिथ वेल्लालगे नाबाद | 42 | 46 | 03 | 01 |
| थीक्षणा का सब. (एस ए यादव) बो हार्दिक | 02 | 14 | 00 | 00 |
| कसुन रजिता बो कुलदीप | 01 | 02 | 00 | 00 |
| मथीशा पथिराना बो कुलदीप | 00 | 02 | 00 | 00 |

**अतिरिक्त** : 15

**कुल** 41.3 ओवर में 172 रन पर ऑल आउट

**विकेट पतन**: 1-7 (पथुम निसंका, 2.1 ओवर), 2-25 (कुसल मेंडिस, 6.4ओवर), 3-25 (दिमुथ करुणारत्ने, 7.1 ओवर), 4-68 (सदीरा समराविक्रमा, 17.3ओवर), 5-73 (चरिथ असलंका, 19.2 ओवर), 6-99 (दसून शानका, 25.1ओवर), 7-162 (धनंजय डीसिल्वा, 37.3 ओवर), 8-171 (महीश थीक्षणा, 40.5 ओवर), 9-172 (कसुन रजिता, 41.1 ओवर), 10-172 (मथीशा पथिराना, 41.3 ओवर)

| गेंदबाजी: | ओवर | मेडन | रन | विकेट |
|---|---|---|---|---|
| जसप्रीत बुमराह | 07 | 01 | 30 | 02 |
| मोहम्मद सिराज | 05 | 02 | 17 | 01 |
| हार्दिक पंड्या | 05 | 00 | 14 | 01 |
| कुलदीप यादव | 9.3 | 00 | 43 | 04 |
| रवींद्र जाडेजा | 10 | 00 | 33 | 02 |
| अक्षर पटेल | 05 | 00 | 29 | 00 |

**प्लेयर ऑफ द मैच वेलालागे**

## सुपर 4 अंक तालिका

| टीम | मैच | जीत | हार | टाई | बेनतीजा | पॉइंट | नेट रन रेट |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| भारत | 2 | 2 | 0 | 0 | 0 | 4 | +2.690 |
| श्रीलंका | 2 | 1 | 1 | 0 | 0 | 2 | -0.200 |
| पाकिस्तान | 2 | 1 | 1 | 0 | 0 | 2 | - 1.892 |
| बांग्लादेश | 2 | 0 | 2 | 0 | 0 | 0 | -0.749 |

## 11वीं बार फाइनल खेलेगा भारत

1984 में खेले गए एशिया कप के पहले संस्करण में चैंपियन बनने वाली भारतीय टीम कुल मिलाकर अपना 11वां फाइनल खेलने के लिए तैयार है। भारत ने 1984 के अलावा 1988, 1990, 1995, 1997, 2004, 2008, 2010, 2016, 2018 और अब 2023 के फाइनल में जगह बनाई, जिसमें 2016 और 2022 का संस्करण टी-20 फॉर्मेट में खेला गया था। भारत के नाम सबसे ज्यादा सात बार एशिया कप जीतने का भी रिकॉर्ड है। टीम इंडिया 1984, 1988, 1990, 1995, 2010, 2016 और 2018 में चैंपियन बने।

**सितारों का खेल** — खिलाड़ियों की क्षमता और हौसला नहीं, अब ज्योतिषी तय कर रहे हैं भारतीय फुटबॉल का भविष्य

# खिलाड़ियों की कुंडली देख कर चुनी जाती है प्लेइंग इलेवन

दुनिया में कई तरह के खेल खेले जाते हैं और सभी के नियम भी अलग हैं, लेकिन चयन की प्रक्रिया सभी के लिए सामान्य ही रहती है। यानी की अगर आपका खेल अच्छा है, फिटनेस लाजवाब है तो आप टीम में खेलेंगे और अगर आपके भीतर थोड़ी सी भी कमी है तो आप टीम में शामिल नहीं हो पाएंगे। पर इन सबों से अलग भारत की सीनियर फुटबॉल टीम की सेलेक्शन प्रक्रिया अलग है। आपकी फिटनेस और आप बाकी सारी चीजें जैसी भी हों लेकिन आपकी कुंडली और नक्षत्र ठीक नहीं तो आप प्लेइंग इलेवन या टीम में नहीं शामिल हो पायेंगे। ऐसा खेलढाबा नहीं बल्कि भारतीय फुटबॉल टीम के कोच इगोर स्टिमक का मानना है। इंडियन एक्सप्रेस की रिपोर्ट के अनुसार एक बड़ी खबर सामने आ रही है। भारतीय टीम के फुटबॉल कोच ने टीम का चयन खुद नहीं बल्कि ज्योतिषी को लिस्ट भेजकर करवाया था।

पिछले साल जून में एशियन कप क्वालिफायर के दौरान इगोर ने टीम चुनने के लिए ज्योतिषी की मदद ली थी और उन 11 खिलाड़ियों के नाम को फाइनल करने के लिए कहा था जो टीम का हिस्सा थे। यही नहीं इस काम के लिए ऑल इंडिया फुटबॉल फेडरेशन की तरफ से ज्योतिषी को 12 से 15 लाख रुपए की राशि भी भुगतान की गई थी।

### 11 प्लेयरों की भेजी गई थी लिस्ट

पिछले साल जून में अफगानिस्तान के खिलाफ टीम को मुकाबला खेलना था लेकिन उससे ठीक 48 घंटे पहले कोच इगोर स्टिमक ने दिल्ली-एनसीआर के एक ज्योतिषाचार्य भूपेश शर्मा को लिस्ट भेजी थी, जिसमें 11 संभावित खिलाड़ियों के नाम थे। टीम को यह मैच हर हाल में जीतना था इसलिए इगोर ने यह रास्ता अपनाया। भूपेश ने इसके बाद हर खिलाड़ी के आगे कुछ लिखा और कोच और उनके बीच कुल 100 मैसेजेस का आदान प्रदान भी हुआ था। इसके बाद जाकर ही प्लेइंग इलेवन फाइनल हो पाई थी। कुछ खिलाड़ियों को लेकर ज्योतिषी ने यह भी कहा था कि, अच्छा कर सकते हैं। कुछ को अति आत्मविश्वास से बचने की सलाह दी थी।

### ज्योतिषी ने खिलाड़ियों के बारे में बताया था

ऐसे में ज्योतिषी के जरिए दिए गए लिस्ट में कई बड़े खिलाड़ियों का नाम नहीं था क्योंकि उनके सितारे ठीक नहीं थे। मतलब उन्हें उस दिन इसलिए बाहर रखा गया क्योंकि उनका दिन सही नहीं था। बता दें भारत ने इस दौरान 4 मैच खेले। जॉर्डन के खिलाफ एक फ्रेंडली मैच और उसके बाद कंबोडिया, अफगानिस्तान और हांगकांग के खिलाफ एशियाई कप क्वालीफायर मैच खेले गए। हालांकि रिपोर्ट में किसी खिलाड़ी के बारे में या उसकी पहचान नहीं बताई गई है, लेकिन इससे एक बात तय है कि, फुटबॉल टीम की कई जानकारी को लीक किया गया है।

बता दें कि जब इंडियन एक्सप्रेस ने इस बारे में और जानना चाहा तो उन्होंने ज्योतिषी शर्मा से कॉन्टैक्ट करने की कोशिश की लेकिन शर्मा ने कॉल और मैसेज का जवाब नहीं दिया। प्रफुल्ल पटेल, जो उस समय एआईएफएफ के अध्यक्ष थे, उन्होंने द इंडियन एक्सप्रेस को बताया कि उन्हें इस मुद्दे के बारे में कुछ भी पता नहीं है, लेकिन एआईएफएफ के तत्कालीन महासचिव कुशल दास ने आखिरकार मान लिया कि उन्होंने मई 2022 में कोच इगोर स्टिमक को ज्योतिषशास्त्री भूपेश शर्मा से मिलवाया था।

### हमें टीम की चिंता थी,इसीलिए ऐसा किया : कुशल दास

कुशल दास का कहना है कि उनको टीम की चिंता थी और तब हमने फैसला लिया कि हम ऐसा करेंगे।

बता दें कि इन सभी बातों का खुलासा ऐसे समय में हुआ जब टीम इंडिया टॉप पर हैं और रैंकिंग में टॉप 100 में शामिल हो चुकी है। हाल ही में, एआईएफएफ ने द इंडियन एक्सप्रेस के साथ एक इंटरव्यू के बाद कोच को कारण बताओ नोटिस जारी किया था, जहां स्टिमक ने कहा था कि वह भारत में चाटुकारिता करने नहीं आए थे और उन्हें सच बोलने में किसी भी प्रकार का कोई डर नहीं है।




खेलढाबा.कॉम के साथ जुड़कर अपने बिजनेस को दें नई उड़ान

विज्ञापन देने के लिए संपर्क करें

Call For Advertisment

7870100025

## संक्षिप्त खबरें

### भारत को विश्व कप के फाइनल में देखना चाहती हैं मिताली राज

**इंदौर।** भारतीय महिला क्रिकेट टीम की पूर्व कप्तान मिताली राज ने मध्यप्रदेश में आगामी पुरुष विश्व कप पर कहा कि 'हम हमेशा कहते हैं कि मेजबान टीम होने के नाते हमें परिस्थितियों का फायदा मिलता है। लेकिन मेजबान टीम से हमें काफी उम्मीदें भी हैं। अगर टीम विश्व कप में उतरती है तो अच्छी तैयारी के साथ कप और दबाव से निपटने के बाद अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करें, तो भारत के पास सभी मौके हैं। मिताली ने आगे कहा कि भारतीय टीम 1983 और 2011 के बाद तीसरी बार विश्व चैंपियन बनने के मकसद से टूर्नामेंट में उतरेगी। महिला प्रीमियर लीग फाइनल के लिए यहां पहुंची मिताली ने कहा कि एक भारतीय क्रिकेट प्रशंसक के रूप में, मैं चाहूंगी कि भारत फाइनल खेले। यह एक बड़ा अवसर है। हम मेजबान देश हैं और परिस्थितियाँ हमारे पक्ष में हैं।

### डेनियल एबेन्यो, अल्माज आयान लेंगी वेदांता दिल्ली हाफ मैराथन में हिस्सा

**नईदिल्ली।** केन्या के 10,000 मीटर विश्व चैंपियनशिप के रजत पदक विजेता डेनियल एबेन्यो और रियो ओलंपिक चैंपियन इथियोपिया के अल्माज़ अयाना 15 अक्टूबर को यहां वेदांत दिल्ली हाफ मैराथन में हिस्सा लेंगे। दो लाख 68 हजार अमेरिकी डॉलर की पुरस्कार राशि वाली विश्व एथलेटिक्स एलीट लेबल रोड रेस में दुनिया के सबसे तेज़ धावकों में से एक हिस्सा बनेंगे। अयाना ने 2016 ओलंपिक में 10,000 मीटर चैंपियन रहने के साथ साथ 2015 में 5,000 मीटर और 2017 में 10,000 मीटर में लगातार दो विश्व खिताब जीते। उन्होने वार्षिक खेल के 13वें संस्करण में जीत हासिल करने के लिए दिल्ली की सड़कों पर एक बेहतरीन दौड़ लगाई जिसकी शुरूआत 2005 में हुई थी। इथियोपियाई धावक ने इस साल की शुरुआत में लिस्बन में व्यक्तिगत प्रतियोगित में 1:05:30 का सर्वश्रेष्ठ समय निकालकर जीत हासिल की और उसके बाद लंदन मैराथन में सातवें स्थान पर रही, अब उसकी नजर 2020 से साथी यालेमज़र्फ येहुआलाव के 1:04:46 के दिल्ली कोर्स रिकॉर्ड पर है।

### आईटीएफ पीसी ओपनः शीर्ष वरीय रेड्डी क्वार्टर फाइनल में

**चेन्नई।** शीर्ष वरीय वासुदेव रेड्डी ने मंगलवार को यहां आईटीएफ प्रेसिडेंसी क्लब ओपन मास्टर्स 100 टेनिस टूर्नामेंट के 45 वर्ष से अधिक एकल वर्ग के क्वार्टर फाइनल में जगह बनाई। रेड्डी ने मुथुकुमार सब्रमण्यन को सीधे सेट में 6-1 6-0 से हराकर अगले दौर में प्रवेश किया। इस प्रतियोगिता का आयोजन पुरुषों और महिलाओं दोनों के लिए तीन आयु वर्ग (35 वर्ष से अधिक, 45 वर्ष से अधिक और 55 वर्ष से अधिक) में किया जा रहा है। प्रतियोगिता की कुल इनामी राशि दो लाख 10 हजार रुपये है। फाइनल शनिवार को खेले जाएंगे। एशियाई चैंपियनशिप में पांच जूनियर निशानेबाजों का प्रतिनिधित्व अनुशासन पैनल की स्वीकृति पर निर्भर

### निशानेबाजों का प्रतिनिधित्व अनुशासन पैनल की स्वीकृति पर निर्भर

**नईदिल्ली।** भारतीय राष्ट्रीय राइफल संघ (एनआरएआई) ने दक्षिण कोरिया में आगामी एशियाई चैंपियनशिप के लिए 36 सदस्यीय मजबूत जूनियर टीम घोषणा की है लेकिन इनमें से पांच निशानेबाजों का प्रतिनिधित्व महासंघ की अनुशासन समिति की स्वीकृति पर निर्भर करेगा। दो महीने पहले दक्षिण कोरिया के चांगवोन में जूनियर विश्व चैंपियनशिप के दौरान 'अनुशासनात्मक मुद्दों' ने भारतीय निशानेबाज टीम के अभियान को प्रभावित किया था। इसके परिणामस्वरूप महासंघ को एशियाई चैंपियनशिप के लिए जूनियर टीम के चयन में देरी हुई क्योंकि उसे अपनी अनुशासनात्मक समिति से मंजूरी का इंतजार था। एनआरएआई आमतौर पर प्रमुख अंतरराष्ट्रीय प्रतियोगिताओं के लिए सीनियर टीम के साथ जूनियर टीम की भी घोषणा करता है लेकिन दो सितंबर को सिर्फ सीनियर टीम की घोषणा की गई।

### काउंटी चैंपियनशिप में पदार्पण करते हुए चहल ने तीन विकेट चटकाए

**केंट (इंग्लैंड)।** भारतीय लेग स्पिनर युजवेंद्र चहल ने केंट के साथ काउंटी चैंपियनशिप में अपने अभियान की प्रभावी शुरुआत करते हुए डिविजन एक मुकाबले में नॉटिंघमशर के खिलाफ तीन विकेट चटकाए।

मौजूदा एशिया कप और आगामी विश्व कप के लिए भारतीय टीम से अनदेखी के बाद 33 साल के इस स्पिनर ने 29 ओवर में 63 रन देकर तीन विकेट चटकाए। चहल ने नॉटिंघमशर के बल्लेबाजों मैथ्यू मोंटगोमरी, लिंडन जेम्स और कैविन हैरिसन को आउट किया जिससे केंट के 446 रन के जवाब में टीम 265 रन पर सिमट गई। केंट ने चार दिवसीय मुकाबले के तीसरे दिन पहली पारी के आधार पर 181 रन की बढ़त हासिल की। चहल ने सबसे पहले अपनी लेग स्पिन पर जेम्स को बोल्ड किया। केंट ने इसी सत्र में भारत के तेज गेंदबाज अर्शदीप सिंह के साथ भी करार किया था जिन्होंने पांच मैच में 13 विकेट चटकाए।

# चक्रधरपुर, गिरिडीह व साहिबगंज जीते

**झारखंड अंतर जिला फुटबॉल**

गढ़वा, 12 सितंबर

गढ़वा जिला फुटबाल संघ की मेजबानी में आयोजित झारखंड अंतर जिला फुटबॉल प्रतियोगिता में बुधवार को तीन मुकाबले खेले गए। इन मुकाबले में चक्रधरपुर, गिरिडीह और साहिबगंज ने जीत हासिल की।



### पहला मैच

अटौला उच्च विद्यालय के मैदान पर आयोजित मैच में चक्रधरपुर ने गुमला को 3-2 से हराया। पहला हाफ 2-2 की बराबरी पर था। जबकि दूसरे हाफ में चक्रधरपुर ने एक गोल कर मैच को अपने नाम कर लिया। मैन ऑफ द मैच शिव शंकर किस्कू रहे। मैच में मुख्य अतिथि के रूप में मंत्री मिथिलेश कुमार ठाकुर उपस्थित थे। इनके अलावा आयोजन समिति के अध्यक्ष सह एसडीओ राज महेश्वर, बीडीओ रामप्रवेश शाह उपस्थित थे। इस मैच के ऑफिशियल उदयनारायण तिवारी, शमशाद आलम सुरजीत पांडेय, अभय कांत एवं शिवकुमार थे।

### दूसरा मैच

रंका उच्च विद्यालय के मैदान में आयोजित इस मैच में गिरिडीह ने कोडरमा को 1-0 से हराया। पहले हाफ में गिरिडीह की टीम ने एक गोल कर बढ़त बना ली जो अंत तक कायम रहा। खेल के 13वें मिनट में एकमात्र गोल कर अपनी टीम को जीत दिलाने वाले आशीष चौबे प्लेयर ऑफ द मैच बने। इस दौरान एसडीओ राम नारायण सिंह उपस्थित थे। दूसरे मैच में टीम मैनेजर अमित कुमार, कंचन कुमार, लक्ष्मण राम एवं नीलकंठ सिंह थे।

### तीसरा मैच

तीसरा मैच में नगर उंटारी के चित विश्राम उच्च विद्यालय मैदान पर खेला गया जहां साहिबगंज ने पलामू को 5-3 से हराया। प्रथम हाफ में साहिबगंज तीन गोल से आगे रहा जबकि दूसरे हाफ़ में साहिबगंज की ओर से दो और पलामू ने दो गोल दागे। साहिबगंज की ओर से इस मैच में हेमलाल मूर्मू ने 5वें, सिकंदर मूर्मू ने 20वें, मारकुस किसको ने 29वें और 90+1वें और डेनियल बेसरा ने 79वें मिनट में गोल दागा। पलामू की ओर से परमेंदर साह ने 56वें, 67वें जबकि जयमंगल सिंह ने 73वें मिनट में गोल किया। इस मैच में मुख्य अतिथि के रूप में एसडीओ नगर आलोक कुमार, पूर्व विधायक अनंत प्रताप देव, डीएसपी प्रमोद केसरी, बीडिओ श्रवण राम उपस्थित थे। मैन ऑफ द मैच मारकुस किसको रहे। सरे मैच में टीम मैनेजर के रूप में किशोर कुणाल, प्रदीप सिंह कमलेश पांडेय एवं अखिलेश प्रसाद उपस्थित थे।



अटौला के मैदान में चक्रधरपुर और गुमला के बीच खेले गए मैच का दृश्य।

# बिहार सबजूनियर पुरुष हॉकी टीम गठन के लिए सेलेक्शन ट्रायल 14 सितंबर को

पटना, 12 सितंबर

आगामी 24 सितंबर से 01अक्टूबर तक रांची (झारखंड) में आयोजित पहली हॉकी इंडिया सब जूनियर ईस्ट जॉन पुरुष हॉकी चैंपियनशिप में भाग लेने बिहार पुरुष टीम के गठन के लिए सेलेक्शन ट्रायल आगामी 14 सितंबर को पूर्वाहन 12:00 बजे से मुजफ्फरपुर के खुदी राम बोस स्टेडियम में किया जाएगा।

इस सेलेक्शन ट्रायल में बिहार के सिर्फ वही पुरुष हॉकी खिलाड़ी भाग ले सकते है, जिनकी जन्म तिथि 1 जनवरी 2008 को या उसके बाद हुआ हो तथा हॉकी इंडिया द्वारा आयोजित किसी भी हॉकी इंडिया जूनियर ईस्ट जॉन चैंपियनशिप में इस वर्ष भाग नही लिया होगा।

चयन ट्रायल में भाग लेने वाले पुरुष हॉकी खिलाड़ियों को अपने साथ पंचायत या नगर निगम द्वारा निर्गत जन्म प्रमाण पत्र, आधार कार्ड, हॉकी इंडिया प्रपत्र में मेडिकल द्वारा निर्गत उम्र पात्रता पत्र, जिस विद्यालय में वर्तमान समय में अध्यनरत हो उस विद्यालय के प्रधानाध्यापक द्वारा अभिप्रमाणित बोनोफाईड प्रमाण पत्र लाना आवश्यक है। सभी प्लेयर मनोज कुमार (एन आई एस कोच) / असग़र हुसैन को 11:00 बजे रिपोर्ट करेंगे।

### सेलेक्शन ट्रायल के लिए कमेटी यह है-

मनोज कुमार ( एन आई एस कोच)- अध्यक्ष
मुनीन्द्र ( सदस्य)
सुनील कुमार, मुजफ्फरपुर (सदस्य)
रवि कुमार (सदस्य)
संजय तिवारी , एन आई एस कोच (सदस्य)
नरेंद्र कुमार ( सदस्य )

HOCKEY BIHAR

# बेगूसराय पहुंचने पर बिहार लगोरी टीम का शानदार स्वागत

बेगूसराय, 12 सितंबर

अमेच्योर लगोरी फेडरेशन ऑफ इंडिया के द्वारा हरियाणा के रेवाड़ी जिले में आयोजित 10वीं सीनियर नेशनल लगोरी चैंपियनशिप में बिहार लगोरी टीम (महिला /पुरुष) ने पहली बार भाग लेते हुए शानदार खेल का प्रदर्शन करते हुए प्रतियोगिता में आठवां स्थान पाया है। इसकी जानकारी क्रीड़ा भारती के जिला उपाध्यक्ष गौरव आनंद ने दी।

बिहार लगोरी टीम के आज बेगूसराय पहुंचने पर क्रीड़ा भारती संगठन तथा स्पैश स्विमिंग पूल की टीम के द्वारा बिहार लगोरी टीम के खिलाड़ियों का स्वागत हरहर महादेव चौक पर माला पहनाकर किया गया। इस अवसर पर स्पैश स्विमिंग पूल के संचालक पुष्कर गौतम ने कहा की बिहार से लागोरी खेल की टीम पहली बार किसी राष्ट्रीय स्तर के प्रतियोगिता में भाग ले रही थी बिहार टीम ने दोनो वर्गो में शानदार प्रदर्शन कर राज्य का नाम रौशन किया है आने वाले समय में लगोरी खेल घर घर और जन जन का खेल होगा। लगोरी एसोसिशन ऑफ़ बिहार के सचिव रंधीर कुमार ने कहा कि सीनियर नेशनल लगोरी चैंपियनशिप में 25 राज्यों की टीम भाग ले रही थी। बिहार की पुरुष टीम अपना पहला मैच गोवा से हार गई उसके बाद टीम ने अच्छा प्रदर्शन करते हुए कर्नाटक, अरुणाचल प्रदेश, दिल्ली, और हिमानचल प्रदेश को हराकर क्वार्टर फाइनल में पहुंची जहां असम से हारकर टर्नामेंट से बाहर हो गई। बिहार की महिला टीम ने पहले मैच में पांडुचेरी से हारने के बाद अगले मैच में कर्नाटक तथा दिल्ली को हारकर क्वार्टर फाइनल में पहुंची थी जहां गोवा से हारकर टीम प्रतियोगिता से बाहर हो गई। लेकिन टॉप आठ में पहुंचने के कारण बिहार की टीम दोनो वर्गो में अगले महीने गोवा में आयोजित राष्ट्रीय खेल के लिए क्वालीफाई कर गई है।




### रांची में मीडिया कप फुटबॉल प्रतियोगिता आज से



रांची। बुधवार यानी 13 सितंबर को द रांची प्रेस क्लब द्वारा आयोजित मीडिया कप फुटबॉल प्रतियोगिता 2023 का आगाज मोरहाबादी स्थित बिरसा मुंडा फुटबॉल स्टेडियम में होगा। शंख और भैरवी की टीमें उद्घाटन मुकाबले में एक दूसरे के सामने होंगी। 5 दिनों तक चलनेवाली इस प्रतियोगिता का उद्घाटन झारखंड खेल प्राधिकरण की कार्यकारी निदेशक क्ढर सरोजनी लकड़ा और सेंट्रल कोलफील्ड्स लिमिटेड के निदेशक कार्मिक एच एन मिश्रा संयुक्त रूप से करेंगे। प्रतियोगिता के पहले दिन दूसरे मुकाबले में अजय और गंगा की टीमें भिड़ेंगी। उद्घाटन के अवसर पर प्रतियोगिता में भाग ले रही सभी छह टीमों के खिलाड़ी मौजूद रहेंगे।

# झारखंड खेलो इंडिया वीमेंस लीग एथलेटिक्स 17 सितंबर को रांची में

रांची, 12 सितंबर



भारतीय खेल प्राधिकरण द्वारा प्रायोजित खेलो इंडिया महिला लीग (एथलेटिक्स) का आयोजन आगामी 17 सितंबर को स्थानीय बिरसा मुंडा स्टेडियम में झारखंड एथलेटिक्स संघ के तत्वावधान में किया जायेगा।

इस प्रतियोगिता में 14 वर्ष से ऊपर की कोई भी खिलाड़ी भाग ले सकती हैं। एक महिला खिलाड़ी अधिकतम दो इवेंट में भाग लेंगी। प्रतियोगिता की इंट्री फीस 200 रखी गई है। विजेता खिलाड़ियों को पदक और प्रमाण पत्र दिये जायेंगे। खिलाड़ियों पंजीकरण भारतीय खेल प्राधिकरण गेट नंबर-16, मोराबादी, रांची में 17 सितंबर को सुबह 8 बजे से किया जायेगा। इस लीग में सौ मीटर, 200 मीटर, 400 मीटर, 800 मीटर, 1500 मीटर, 3000 मीटर, 5000 मीटर, हाई जंप, लांग जंप, ट्रिपल जंप, शॉटपुट, डिस्कस थ्रो, जैवलिन थ्रो की स्पर्धाएं आयोजित की जायेंगी।

# महिला खिलाड़ियों और प्रशिक्षकों के लिए कार्यशाला 13 सितंबर से

पटना, 12 सितंबर

बिहार की महिला खिलाड़ियों और प्रशिक्षकों के लिए 13 से 17 सितंबर तक ₹सिंपली पीरियड्स ₹ विषय पर आयोजित कार्यशाला में महिला खिलाड़ियों को पीरियड्स के दौरान होने वाली परेशानियों और इसके निदान के प्रति जागरूक किया जाएगा।

इस बात की जानकारी देते हुए बिहार राज्य खेल प्राधिकरण के महानिदेशक सह मुख्य कार्यकारी अधिकारी रवीन्द्रण शंकरण ने बताया कि बिहार राज्य खेल प्राधिकरण और महिला एवं बाल विकास निगम के संयुक्त तत्वावधान में सिंपली स्पोर्ट्स फाउंडेशन द्वारा पटना, सीवान और दरभंगा में विशेषज्ञों के सहयोग से संचालित की जा रही है यह कार्यशाला। आगे श्री शंकरण ने बताया कि 13 और 17 सितंबर को पटना के पाटलिपुत्र खेल परिसर में प्रातः 10 बजे से दो सत्रों में होगी कार्यशाला। साथ ही 14 सितंबर को खेल भवन, सीवान में अपराह्न 3 बजे से 6 बजे तक कार्यशाला का सत्र चलेगा। ऑडिटोरियम नेहरू स्टेडियम लहेरियासराय, दरभंगा में 15 और 16 सितंबर को सुबह 9 बजे से शाम 6 बजे तक दो सत्रों में कार्यशाला आयोजित होगी।

वन एवं पर्यावरण विभाग की सचिव तथा महिला एवं बाल विकास निगम की प्रबंध निदेशक श्रीमती बन्दना प्रेयषी ने बताया कि सरकार बिहार में महिला सशक्तिकरण एवं उनके सर्वांगीण विकास के लिए पूरी प्रतिबद्धता के साथ हमेशा प्रयासरत रहती है। अन्य क्षेत्रों के साथ साथ खेल में भी महिलाओं की भागीदारी बढ़ाने के लिए सरकार कई सकारात्मक योजनाओं के माध्यम से महिलाओं को खेल के प्रति जागरूक और आकर्षित कर रही है। इस कार्यशाला के माध्यम से महिला खिलाड़ियों और प्रशिक्षकों को पीरियड्स के दौरान होने वाली परेशानियों और उसके निदान जैसे महत्वपूर्ण विषय पर जागरूक एवं प्रशिक्षित किया जाएगा जिससे खेल के दौरान इन परेशानियों से आसानी से वे उबर सकें और अपना प्रदर्शन बेहतर कर सकें।




- बिहार राज्य खेल प्राधिकरण और महिला एवं बाल विकास निगम के संयुक्त तत्वावधान में सिंपली स्पोर्ट्स फाउंडेशन द्वारा आयोजित यह कार्यक्रम
- पटना, सीवान और दरभंगा में होगी यह कार्यशाला
- महिला खिलाड़ियों को पीरियड्स के दौरान होने वाली परेशानियों और इसके निदान के प्रति जागरूकता के लिए यह कार्यक्रम

बिहार राज्य खेल प्राधिकरण के निदेशक सह सचिव पंकज कुमार राज ने आगे जानकारी देते हुए बताया कि बिहार राज्य खेल प्राधिकरण बिहार के खिलाड़ियों को मानसिक और शारीरिक रूप से सुदृढ़ बनाने के लिए निरंतर इस तरह के प्रशिक्षण कार्यक्रम और कार्यशाला का आयोजन करता रहता है ताकि वे अपना स्तर और प्रदर्शन और बेहतर कर सकें। सिंपली स्पोर्ट्स फाउंडेशन भी बुनियादी स्तर पर खिलाड़ियों को खासकर महिला खिलाड़ियों को विभिन्न महत्वपूर्ण विषयों पर जागरूक करने और विशेषज्ञों के सहयोग से प्रशिक्षित करने की दिशा में अहम भूमिका निभा रहा है। हमें पूरी उम्मीद है इस कार्यशाला से बिहार की महिला खिलाड़ियों और प्रशिक्षकों को काफी फायदा होगा जिससे उन्हें अपना प्रदर्शन और स्तर बेहतर करने में सहायता मिलेगी।

### थाईलैंड ओपन कराटे में पदक जीतकर लौटे खिलाड़ियों व प्रशिक्षक का शानदार स्वागत

**रांची।** थाईलैंड की राजधानी बैंकॉक में संपन्न थाईलैंड ओपन कराटे चैंपियनशिप में भारतीय दल में शामिल होकर अपने उम्दा प्रदर्शन से कांस्य पदक जीतने वाले झारखंड के दो खिलाड़ी एलिसन रुपल खाखा और काजल कुजूर एवं भारतीय कराटे टीम के कोच शिहान सुनील किस्पोट्टा के राँची आने पर भव्य स्वागत किया गया।

भारतीय कराटे टीम कोच शिहान सुनील किस्पोट्टा के स्वागत के लिए रांची एयरपोर्ट पर इंटरनेशनल मार्शल आर्ट एकेडमी के अध्यक्ष सेंसई अनिल किस्पोट्टा की अगुवाई में राज्य के कराटे खिलाड़ी एवं अभिभावकों के द्वारा पारंपरिक नाच गान एवं फूल मालाओं के साथ मौजूद थे और उनका शानदार स्वागत किया। पदक विजेता खिलाड़ी दोपहर 1:00 बजे रांची रेलवे स्टेशन पहुंचे जहां पहले से उपस्थित सैकड़ों कराटे खिलाड़ी एवं अभिभावकों ने फूल मालाओं के साथ उनका जोरदार स्वागत किया। टीम कोच सिहान सुनील किस्पोट्टा खुद भी स्वागत में उपस्थित रहे।



### बीसीए चुनाव : तीन पदों पर चुनाव के लिए नामांकन दाखिल



पटना। बिहार क्रिकेट एसोसिएशन में तीन पदों के लिए चल रहे चुनाव में मंगलवार को तीन सदस्यों ने नामांकन किया। यह चुनाव 15 सितंबर को 10.30 बजे से आहुत विशेष आम सभा में सचिव, गवार्निंग कौंसिल के चेयरमैन और सदस्य / संयोजक कुल तीन पदों पर चुनाव होगा। नामांकन करने वालों में सचिव पद पर जियायुल आरफीन, चेयरमैन (गवार्निंग कौंसिल) के पद पर संजय कुमार सिंह और सदस्य/संयोजक (गवार्निंग कौंसिल) के पद पर ज्ञानेश्वर गौतम ने नामांकन दाखिल किया। नामांकन पत्रों की जांच के बाद सभी नामांकन पत्र को सही पाया गया।

### रवि केसरी बने रांची के पहले एनआईएस बैडमिंटन कोच



**रांची।** रवि केसरी रांची (झारखंड) के पहले एनआईएस बैडमिंटन प्रशिक्षक बने। उन्होंने साई एनआईएस बैंगलुरु से अपना डिप्लोमा इन स्पोर्ट्स कोचिंग बैडमिंटन में 2022-23 सत्र में सफलतापूर्वक डिप्लोमा प्राप्त किया। झारखंड सरकार में बेड़ो रांची हाई स्कूल में खेल शिक्षक के रूप में कार्यरत है। रवि केसरी झारखंड के दूसरे एनआईएस बनने का गौरव प्राप्त किया। इससे पूर्व सचिन राणा तथा एकीकृत बिहार में नरेश कुमार, भारत शाह और मनोज कुमार बैडमिंटन में डिप्लोमा हासिल कर चुके हैं। रवि केसरी के इस उपलब्धि पर झारखंड बैडमिंटन और रांची जिला बैडमिंटन संघ के अधिकारियों ने बधाई और शुभकामनाएं दी है।

# यूएई से हार के साथ ही भारत का सफर खत्म

## एएफसी अंडर-23 फुटबॉल एशियाई कप क्वालीफिकेशन

डेलियान (चीन), 12 सितंबर

भारत को मंगलवार को यहां डेलियान सुओयुवान स्टेडियम में यूएई के खिलाफ 0-3 की हार का सामना करना पड़ा और लगातार दूसरी शिकस्त के साथ एएफसी अंडर-23 एशियाई कप 2024 क्वालीफिकेशन में उसका अभियान समाप्त हो गया।

भारत ग्रुप जी में अंतिम पायदान पर रहा। इससे पहले उसे चीन के खिलाफ 1-2 से हार का सामना करना पड़ा था। यूएई की टीम चार अंक और बेहतर गोल अंतर के कारण शीर्ष पर रही। चीन के भी चार अंक हैं। चीन के पास अब दूसरे स्थान पर रहने वाली चार सर्वश्रेष्ठ टीम में से एक के रूप में अगले दौर में जगह बनाने का मौका है। भारत और यूएई दोनों ने मैच में तेज शुरुआत की और कुछ अच्छे मूव बनाए। यूएई ने 26वें मिनट में मोहम्मद अब्बास अलबलूशी के गोल से बढ़त दिलाई। भारतीय डिफेंडर इस दौरान भ्रम की स्थिति में दिखे और रैफरी ने अपने सहायक के साथ लंबी चर्चा के बाद गोल करार दिया।

मैच के 33वें मिनट में यूएई ने अपनी बढ़त को दोगुना कर दिया। टीम के लिए दूसरा गोल सुल्तान आदिल अलामीरी ने दागा। दो गोल से पिछड़ने के बाद भारत ने तेजी दिखाई। भारतीय खिलाड़ियों ने कुछ अच्छे मौके बनाए लेकिन यूएई के डिफेंस को भेदने में नाकाम रहे। मध्यांतर तक यूएई की टीम 2-0 से आगे थी। दूसरे हाफ में भारत ने यूएई के डिफेंस पर दबाव डाला। पार्थिव गोगोई ने दाएं छोर से मूव बनाया



लेकिन उनका क्रॉस भारतीय स्ट्राइकरों की पहुंच से दूर रहा। भारत के मुख्य कोच क्लिफोर्ड मिरांडा ने संजीव स्टालिन और गोगोई की जगह रबीह अंजुकानदन और सौरव को उतारा लेकिन टीम गोल करने में नाकाम रही। यूएई ने इस बीच पलटवार करते हुए एशा खलफान के गोल की बदौलत स्कोर 3-0 किया जो विजयी स्कोर साबित हुआ।

# एआईएफएफ को उम्मीद है कि क्लब एशियाई खेलों के लिए खिलाड़ियों को करेंगे रिलीज

नई दिल्ली, 12 सितंबर

अखिल भारतीय फुटबॉल महासंघ (एआईएफएफ) उम्मीद कर रहा है कि आईएसएल (इंडियन सुपर लीग) क्लब आगामी एशियाई खेलों के लिए पंजीकृत 50 खिलाड़ियों में से किन्हीं 22 खिलाड़ियों को रिलीज कर देंगे, जिससे पुरुष टीम का महाद्वीपीय प्रतियोगिता में भाग लेने का मार्ग प्रशस्त हो जाएगा।

अधिकांश क्लब खेल मंत्रालय द्वारा जारी भारतीय टीम के 22 खिलाड़ियों को रिलीज करने के इच्छुक नहीं है क्योंकि एशियाई खेलों की फुटबॉल प्रतियोगिता का कार्यक्रम आईएसएल के साथ टकरा रहा है। आईएसएल का आगाज 21 सितंबर से होगा। महासंघ ने सुनील छेत्री, संदेश झिंगन और गुरप्रीत सिंह संधू जैसे स्टार खिलाड़ियों के टीम के साथ चीन के हांगझोउ की यात्रा की संभावना से भी इनकार नहीं किया है। एशियाई खेलों का आयोजन 23 सितंबर से आठ अक्टूबर तक होगा। फुटबॉल के मुकाबले 19 सितंबर से सात अक्टूबर तक खेले जायेंगे। एआईएफएफ इन खेलों में सबसे मजबूत राष्ट्रीय टीम भेजने के लिए क्लबों को मनाने के लिए हर संभव प्रयास कर रहा है। महासंघ के एक सूत्र ने कहा, ''एआईएफएफ अब बातचीत कर रहा है लेकिन अभी तक कोई स्पष्टता नहीं है। छेत्री, झिंगन और गुरप्रीत को अभी तक बाहर नहीं किया गया है। यह क्लबों पर निर्भर है कि वे इन खिलाड़ियों को रिलीज करते हैं या नहीं। हमने 50 खिलाड़ियों की सूची बनाई है उसमें से कोई भी 22 खिलाड़ी रिलीज होने चाहिये।

## मोहन बागान ने खिलाड़ियों को रिलीज करने से 'मना' किया

**कोलकाता।** मोहन बागान सुपर जायंट्स ने इराक के खिलाफ किंग्स कप मैच के दौरान भारतीय फिजियो द्वारा आशिक कुरुनियन की चोट को संभालने के तरीके से नाराजगी जताते हुए आगामी एशियाई खेलों के लिए अपने खिलाड़ियों को रिलीज नहीं करने का फैसला किया है। भारत की 22 सदस्यीय टीम में मोहन बागान दो खिलाड़ी लिस्टन कोलासो और आशीष राय शामिल है।

# किरण जॉर्ज हांगकांग ओपन के मुख्य ड्रॉ में जगह बनाने से चूके

हांगकांग ओपन बैडमिंटन

हांगकांग, 12 सितंबर

पिछले सप्ताह इंडोनेशिया मास्टर्स का खिताब जीतने वाले भारतीय खिलाड़ी किरण जॉर्ज हांगकांग ओपन के क्वालीफायर में मंगलवार को यहां हार के साथ ही मुख्य दौर में जगह बनाने की दौड़ से बाहर हो गये।

किरण को क्वालीफिकेशन के दूसरे दौर में मलेशिया के जून हाओ लिओंग ने 20-22, 21-14, 14-21 से हराकर बाहर का रास्ता दिखा दिया। इस भारतीय खिलाड़ी ने इससे पहले क्वालीफायर के शुरुआती दौर में चीनी ताइपे के यू जेन ची को 21-15, 21-17 से हराया था। मिथुन मंजूनाथ और रवि भी पुरुष एकल के क्वालीफायर से आगे बढ़ने में विफल रहे। दोनों खिलाड़ियों को हांगकांग के जेसन गुनावान ने हराया।

मंजूनाथ शुरुआती दौर में गुनावान से 20-22, 15-21 से हार गए, वहीं रवि को दूसरे दौर में स्थानीय खिलाड़ी ने 21-15, 21-14 से शिकस्त दी।

महिला एकल में मालविका बंसोड़ थाईलैंड की अपनी प्रतिद्वंद्वी पिचमोन ओपटनिपुथ के चोट के मुकाबला बीच में छोड़ने से मुख्य ड्रॉ में पहुंच गयी। खेल रोके जाते समय मालविका 14-21, 10-11 से पिछड़ रही थी। त्रिसा जॉली और पुलेला गायत्री गोपीचंद की भारतीय महिला युगल जोड़ी ने मुख्य ड्रॉ के शुरूआती चरण में डेनमार्क की डेबोरा जिल और चेरिल सेनेन की जोड़ी को



21-15, 16-21, 21-16 से हराकर दूसरे दौर में प्रवेश किया।

# इस साल बेंगलुरू भी करेगा सुब्रतो कप फुटबॉल की मेजबानी

नई दिल्ली, 12 सितंबर

प्रतिष्ठित सुब्रतो कप अंतर्राष्ट्रीय फुटबॉल टूर्नामेंट का 62वां संस्करण 19 सितंबर से 23 अक्टूबर तक आयोजित किया जाएगा। इस वर्ष दिल्ली और गुरुग्राम के अलावा बेंगलुरु को मेजबान शहर के रूप में जोड़ा गया है और इसी तरह सबसे पुराने राष्ट्रीय अंतर स्कूल फुटबॉल टूर्नामेंट को पहली बार दक्षिण भारत में ले जाया जा रहा है। इस आशय की आधिकारिक घोषणा, एयर मार्शल आर.के. आनंद वीएसएम, एयर ऑफिसर-इन-चार्ज एडमिनिस्ट्रेशन और वाइस चेयरमैन, सुब्रतो मुखर्जी स्पोर्ट्स एजुकेशन सोसायटी (एसएमएसईएस) की उपस्थिति में, राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली के आकाश ऑफिसर मेस में एक प्रेस-कार्यक्रम में की गई। एयर मार्शल आर.के आनंद वीएसएम इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित थे। एसएमएसईएस के तत्वावधान में भारतीय वायु सेना (आईएएफ) द्वारा आयोजित सुब्रतो कप पहली बार 1960 में आयोजित किया गया था और इसका नाम एयर मार्शल सुब्रतो मुखर्जी के नाम पर रखा गया था, जिन्होंने जमीनी स्तर पर खेल को बढ़ावा देने के लिए इस विचार की कल्पना की थी। इस अवसर पर एयर मार्शल आर.के. आनंद वीएसएम, एयर ऑफिसर-इन-चार्ज एडमिनिस्ट्रेशन और वाइस चेयरमैन एसएमएसईएस ने कहा कि 62वां सुब्रतो कप वास्तव में ऐतिहासिक होगा क्योंकि यह पहली बार भारत के दक्षिण, बेंगलुरु में खेला जाएगा। इस प्रतिष्ठित टूर्नामेंट की पहुंच देश के अधिक से अधिक कोनों तक फैलाने की हमारी लंबे समय से इच्छा रही है और इस साल बेंगलुरु में मुख्य सब जूनियर बॉयज टूर्नामेंट की मेजबानी उस दिशा में पहला कदम है।

## कार्यक्रम

जूनियर गर्ल्स अंडर-17 : 19 सितंबर से 26 सितंबर
सब- जूनियर ब्वॉयज अंडर 14 :2 अक्टूबर से 10 अक्टूबर
जूनियर ब्वॉयज अंडर-17 : 14 अक्टूबर से 23 अक्टूबर




## पाकिस्तान से हॉकी ओलंपिक क्वालीफायर की मेजबानी वापस !

**कराची।** अंतरराष्ट्रीय हॉकी महासंघ (एफआईएच) ने पाकिस्तान हॉकी महांसघ (पीएचएफ) को बड़ा झटका देते हुए ओलंपिक क्वालीफाइंग टूर्नामेंट की मेजबानी के अधिकार को वापस ले लिए हैं। ओलंपिक क्वालिफिकेशन टूर्नामेंट अगले साल जनवरी में पाकिस्तान में आयोजित होने वाला था लेकिन पीएचएफ और पाकिस्तान खेल बोर्ड (पीएसबी) के बीच अंदरूनी कलह के कारण एफआईएच ने देश से मेजबानी का अधिकार वापस ले लिया। पीएचएफ के एक सूत्र ने कहा, ''एफआईएच ने हमारे मेजबानी अधिकार को वापस लेते हुए यह स्पष्ट कर दिया है कि खेल बोर्ड और सरकार आयोजन की सफल मेजबानी के लिए पीएचएफ के साथ सहयोग करने को तैयार नहीं हैं। एफआईएच का फैसला पाकिस्तान हॉकी के लिए एक बड़ा झटका है, जिसे एक दशक से अधिक समय के बाद किसी अंतरराष्ट्रीय कार्यक्रम की मेजबानी का अधिकार मिला था। पीएचएफ ने पहले ही कहा था कि ओलंपिक क्वालीफायर जनवरी में लाहौर में आयोजित होगा। पीएचएफ में हस्तक्षेप की पीएसबी की कोशिशों के कारण अराजकता की स्थिति पैदा हो गयी।



# डोपिंग के चक्कर में फंसे दो स्टार प्लेयर

## डोप टेस्ट में फेल हुए स्टार फुटबॉलर पॉल पोग्बा, लग सकता है 4 साल का बैन

फ्रांस के स्टार फुटबॉल खिलाड़ी पॉल पोग्बा का कैरियर खतरे में पड़ गया है। पोग्बा डोप टेस्ट में फेल हो गए हैं। जुवेंटस के मिडफील्डर पॉल पोग्बा के नमूने में टेस्टोस्टेरोन का मात्रा अधिक पाया गया है। इटली की एंटी डोपिंग एजेंसी ने इसकी जानकारी दी है। डोप टेस्ट 20 अगस्त को उडिनीज़ में जुवेंटस के खेल के बाद आयोजित की गई थी। पोग्बा सीरी ए मैच में नहीं खेले थे लेकिन जुवे की बेंच पर थे। डोपिंग रोधी एजेंसी नाडो इटालिया ने कहा कि पोग्बा को तत्काल प्रभाव से अस्थायी रूप से निलंबित कर दिया गया है। बैकअप ''बी'' नमूने का परीक्षण और परीक्षण लंबित रहने तक उस पर चार साल तक के निलंबन का जोखिम है। यदि बैकअप नमूना सकारात्मक परीक्षण की पुष्टि करता है, तो 30 वर्षीय पोग्बा को अधिकारियों के साथ सहयोग करने पर कम प्रतिबंध मिल सकता है। पोग्बा या जुवेंटस की ओर से तत्काल कोई टिप्पणी नहीं आई। बता दें कि पॉल पोग्बा एक साल पहले मैनचेस्टर यूनाइटेड से जुवेंटस लौटे थे। वे पिछले साल से चोटों से परेशान हैं। जब वह 2016 में यूनाइटेड लौटे तो मैनचेस्टर क्लब ने जुवेंटस को 105 मिलियन यूरो ($113 मिलियन) का तत्कालीन विश्व-रिकॉर्ड हस्तांतरण शुल्क का भुगतान किया।



## डोपिंग मामले में स्टार महिला टेनिस प्लेयर हालेप पर चार साल का प्रतिबंध

दो बार की ग्रैंडस्लैम चैंपियन सिमोना हालेप को डोपिंग उल्लंघन के लिए पेशेवर टेनिस से चार साल के लिए निलंबित किया गया है। अंतराष्ट्रीय टेनिस इंटीग्रिटी एजेंसी (आईटीआईए) ने मंगलवार को यह जानकारी दी। रोमानिया की इस 31 वर्षीय महिला टेनिस खिलाड़ी पर डोपिंग के दो उल्लंघन के आरोप लगे हैं जिसमें 2022 में अमेरिकी ओपन के दौरान डोप परीक्षण में विफल होना और एथलीट जैविक पासपोर्ट में अनियमितता शामिल है। एक पैनल ने निष्कर्ष निकाला कि हालेप ने जानबूझकर डोपिंग रोधी नियमों का उल्लंघन किया। हालेप अक्टूबर 2022 से अस्थाई रूप से निलंबित हैं। उनका चार साल का प्रतिबंध छह अक्टूबर 2026 तक चलेगा। हालेप 2017 में डब्ल्यूटीए रैंकिंग में दुनिया की नंबर एक महिला खिलाड़ी बनीं। उन्होंने 2019 में फाइनल में सेरेना विलियम्स को हराकर विंबलडन का खिताब जीता जबकि इससे एक साल पहले वह फ्रेंच ओपन चैंपियन भी बनीं। डोपिंग उल्लंघन के लिए दूषित सप्लीमेंट को जिम्मेदार ठहराने वाली हालेप इस फैसले के खिलाफ खेल पंचाट में अपील करने की योजना बना रही हैं। हालेप ने कहा, ''मैंने ट्रेनिंग जारी रखी है और इन झूठे आरोपों से अपना नाम हटाने और कोर्ट पर लौटने के लिए हर संभवत प्रयास करूंगी।''



## हॉकी की प्रगति में सुरजीत हॉकी सोसायटी का अहम योगदान

**जालंधर।** सुरजीत हॉकी सोसायटी ने मंगलवार को जालंधर के पुलिस आयुक्त कुलदीप चाहल को संरक्षक और वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक(ग्रामीण) मुखविंदर सिंह भुल्लर को सोसायटी का वरिष्ठ उपाध्यक्ष नियुक्त किया गया है। सोसायटी के कार्यकारी अध्यक्ष लखविंदर पाल सिंह खैरा, वरिष्ठ उपाध्यक्ष राम प्रताप, महासचिव सुरिंदर सिंह भापा, सचिव रणबीर सिंह टुट, अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ी हरिंदर सिंह गिल, अरविंदर सिंह कुलार बिंदर (सोफी गांव) ने सोसायटी के संविधान के अनुसार कुलदीप चाहल और मुखविंदर सिंह भुल्लर को इस पद का नियुक्ति पत्र सौंपा। इस अवसर पर पुलिस आयुक्त कुलदीप चाहल ने कहा कि सुरजीत हॉकी सोसाइटी के सभी सदस्यों ने पिछले 40 वर्षों में अपनी कड़ी मेहनत और समर्पण के कारण सुरजीत हॉकी टूर्नामेंट को अंतरराष्ट्रीय स्तर पर पहुंचाया है, उन्होंने भारत के पूर्व कप्तान हॉकी टीम और ओलंपियन सुरजीत सिंह का नाम भी अमर कर दिया है। इस बीच मुखविंदर सिंह भुल्लर ने कहा कि सुरजीत हॉकी सोसायटी का हॉकी की प्रगति में महत्वपूर्ण योगदान है और अब जालंधर देश के प्रसिद्ध सुरजीत हॉकी टूर्नामेंट की मेजबानी के लिए भी जाना जाता है।

# डेविस कप के लिये बोपन्ना पहुंचे लखनऊ, बुधवार से करेंगे प्रैक्टिस

लखनऊ 12 सितंबर

- मोरक्को के खिलाफ खेला जानेवाला मुकाबला 16 सितंबर से शुरू होगा

अमेरिकी ओपन में पुरुष युगल वर्ग के उप-विजेता रहे दिग्गज भारतीय टेनिस खिलाड़ी रोहन बोपन्ना मोरक्को के खिलाफ 16 सितंबर से शुरू होने वाले डेविस कप मुकाबले के लिये मंगलवार शाम लखनऊ पहुंचे।

बोपन्ना बुधवार दोपहर 12 से तीन बजे के बीच भारतीय टीम के अभ्यास सत्र में शिरकत करेंगे। इससे पहले मोरक्को की टीम सुबह नौ से दोपहर 12 बजे के बीच गोमती नगर के विजयंत खंड मिनी स्टेडियम में अभ्यास करेगी। दोनो टीमों के खिलाड़ी लखनऊ पहुंच चुके है जिन्हे यहां पांच सितारा होटल ताज में ठहराया गया है।

युगल विश्व रैंकिंग में सातवें स्थान पर काबिज़ 43 वर्षीय बोपन्ना पिछले सप्ताह अमेरिकी ओपन में ग्रैंड स्लैम युगल फाइनल में हिस्सा लेने वाले सबसे उम्रदराज़ खिलाड़ी बने थे। अखिल भारतीय टेनिस संघ (आइटा) अध्यक्ष अनिल जैन ने कहा, ''डेविस कप एक प्रतिष्ठित टूर्नामेंट है और इसने कई महान क्षणों को देखा है। लखनऊ में यह मुकाबला हम सभी के लिए एक महत्वपूर्ण अवसर है। आइटा और सभी टेनिस प्रशंसकों की ओर से हम रोहन बोपन्ना को बधाई देते हैं और हम सभी उन्हें डेविस कप में भारत के लिए आख़िरी बार सर्विस देते हुए देखने का बेसब्री से इंतज़ार कर रहे हैं।''

बोपन्ना के अलावा, छह सदस्यीय भारतीय डेविस कप टीम में कई बेहतरीन खिलाड़ी शामिल हैं। इसमें देश के शीर्ष क्रम के एकल खिलाड़ी सुमित नागल के साथ-साथ शशिकुमार मुकुंद, दिग्विजय प्रताप सिंह, युकी भांबरी और रामकुमार रामनाथन शामिल हैं।

# महिला एशियन चैंपियंस ट्रॉफी में भारत की पहली भिड़ंत थाईलैंड से

रांची, 12 सितंबर

रांची में 27 अक्टूबर से शुरू होने वाली झारखंड महिला एशियाई चैंपियंस ट्रॉफी 2023 में भारतीय टीम अपने पहले मैच में थाईलैंड से लोहा लेगी। एशियाई हॉकी महासंघ और हॉकी इंडिया ने मंगलवार को एशियाई चैंपियंस ट्राफी के कार्यक्रम की घोषणा की।

टूर्नामेंट की शुरुआत मलेशिया और जापान के पहले गेम के साथ होगी, जबकि मेजबान भारत झारखंड के मारंग गोमके जयपाल सिंह एस्ट्रो टर्फ हॉकी स्टेडियम में थाईलैंड से भिड़ेंगा। प्रतियोगिता में कोरिया, मलेशिया, थाईलैंड, जापान, चीन और भारत के बीच ट्रॉफी जीतने की प्रतिस्पर्धा होगी। छह टीमों का टूर्नामेंट 27 अक्टूबर से शुरू होकर पांच नवंबर को समाप्त होगा। सभी टीमें वन पूल का हिस्सा हैं और शीर्ष चार टीमें सेमीफाइनल के लिए क्वालीफाई करेंगी, जहां तालिका में शीर्ष पर रहने वाली टीम चौथे स्थान पर रहने वाली टीम से भिड़ेगी और दूसरे और तीसरे स्थान पर रहने वाली टीमें एक-दूसरे से खेलेंगी। डिफेंडिंग चैंपियन जापान को टूर्नामेंट के इतिहास की सबसे शानदार टीम कोरिया से कड़ी चुनौती का सामना करना पड़ेगा, जिसने 2010, 2011 और 2016 में टूर्नामेंट के छह में से तीन संस्करण जीते हैं। भारत बर्मिंघम राष्ट्रमंडल खेलों में ऐतिहासिक कांस्य और एफआईएच हॉकी महिला राष्ट्र कप स्पेन 2022 में खिताबी जीत के बाद अच्छी फॉर्म में है।

मेजबान टीम ने 2016 में एशियाई चैंपियंस ट्रॉफी भी जीती है और 2018 में उपविजेता रही थी। वे 27 अक्टूबर




को थाईलैंड के खिलाफ अपने अभियान की शुरुआत करेंगे और दो नवंबर को ग्रुप चरण के आखिरी मैच में कोरिया से भिड़ेंगे। एशियाई हॉकी महासंघ के अध्यक्ष, दातो फुमियो ओगुरा ने कहा ''यह एशियाई हॉकी समुदाय के लिए एक महत्वपूर्ण अवसर है, और हम प्रतिष्ठित महिला एशियाई चैंपियंस ट्रॉफी में शीर्ष स्तर की हॉकी प्रतियोगिता देखने का उत्सुकता से इंतजार कर रहे हैं। मैं इस आयोजन की मेजबानी के लिए और एशिया में हॉकी के विकास के लिए उनके अटूट समर्थन और प्रतिबद्धता के लिए हॉकी इंडिया की हार्दिक सराहना करना चाहता हूं। चेन्नई के बाद, हम हॉकी इंडिया के सहयोग से एक और शानदार आयोजन का बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं।'' हॉकी इंडिया के अध्यक्ष पद्मश्री डॉ. दिलीप टिर्की ने कहा, ''हमें एक और प्रमुख एशियाई टूर्नामेंट की मेजबानी करने पर गर्व है और मुझे यकीन है कि झारखंड महिला एशियाई चैंपियंस ट्रॉफी रांची 2023 कुछ शीर्ष महिला हॉकी खिलाड़ियों के साथ एक शानदार प्रदर्शन होगा।''

## कश्मीर की रूबिया महिला आईपीएल में गुजरात जायंट्स के लिए खेलेंगी

**श्रीनगर।** दक्षिणी कश्मीर की 29 वर्षीय ऑलराउंडर महिला क्रिकेटर एवं रूबिया सैयद को आगामी महिला इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) के लिए गुजरात जाइंट्स टीम ने चुना है।

जम्मू कश्मीर में अनंतनाग जिले के बुदासगाम गांव निवासी रुबिया क्रिकेट टूर्नामेंट के लिए चुनी जाने वाली दूसरी कश्मीरी महिला है। इससे पहले दाएं हाथ की बल्लेबाज जसिया अख्तर कश्मीर की पहली महिला क्रिकेटर थीं, जिन्होंने आईपीएल टीम के लिए भी खेला था।

राष्ट्रीय महिला क्रिकेट टीम में शामिल होने की आकांक्षी रूबिया ने कहा, ''मैं आईपीएल से बुलावे के लिए बहुत खुश हूं, मैं गुजरात जायंट्स में शामिल होने के लिए बहुत उत्साहित हूं। मैं खुद को भारत की एकादश में देखना चाहती हूं ताकि अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट खेलकर अपनी क्षमता दिखा सकूं और देश और अपने राज्य जम्मू-कश्मीर का नाम रोशन कर सकूं। उन्होंने कहा, '' एक मुकाम हासिल करने के लिए हर किसी को कड़ी मेहनत और संघर्ष करना पड़ता है।

मेरे शिक्षकों ने मुझे यहाँ तक पहुँचने में कड़ी मेहनत की है। उन्होंने बताया कि जब स्कूल में राष्ट्रीय क्रिकेट टूर्नामेंट आयोजित हो रहे थे तो उनके शिक्षकों ने उनका मार्गदर्शन किया और बाद में कोचों ने उन्हें खेल के तकनीकी और अन्य पहलुओं के बारे में सिखाया।

रूबिया 2012 से क्रिकेट खेल रही हैं और पिछले कई वर्षों से जम्मू और कश्मीर क्रिकेट एसोसिएशन (जेकेसीए) का प्रतिनिधित्व कर रही हैं। उन्होंने बुडासगाम के गर्ल्स हायर सेकेंडरी स्कूल में पढ़ाई की और स्कूल के दिनों से ही अपने शिक्षकों के मार्गदर्शन में क्रिकेट खेलना शुरू कर दिया। उन्होंने कहा, ''मुझे यकीन है कि मैं विश्व स्तर पर क्रिकेट खेलूंगी।

# बिना क्रिस्टियानो रोनाल्डो पुर्तगाल की शानदार जीत

## यूरोपीय चैंपियनशिप क्वालीफाइंग में लक्जमबर्ग को 9-0 से हराया

वाशिंगटन, 12 सितंबर

पुर्तगाल ने अपने स्टार स्ट्राइकर क्रिस्टियानो रोनाल्डो के बिना भी यूरोपीय चैंपियनशिप क्वालीफाइंग में लक्जमबर्ग को 9-0 से करारी शिकस्त देकर प्रतिस्पर्धी फुटबॉल में अपनी अब तक की सबसे बड़ी जीत दर्ज की।

रोनाल्डो ग्रुप जे के पिछले मैच में दो पीले कार्ड मिलने के कारण एक मैच का निलंबन झेल रहे थे और इस कारण वह लक्जमबर्ग के खिलाफ मैदान पर नहीं उतर पाए।

पुर्तगाल को हालांकि इस मैच में उनकी कमी नहीं खली। अल्गार्वे में खेले गए इस मैच में उसकी तरफ से गोंकालो रामोस, गोंकालो इनासियो और डिओगो जोटा ने दो-दो जबकि रिकार्डो होर्टा, ब्रूनो फर्नांडीस और जोआओ फेलिक्स ने एक-एक गोल किया।

अड़तीस वर्षीय रोनाल्डो ने अपने 123 अंतरराष्ट्रीय गोल में इजाफा करने का बेहतरीन मौका गंवाया लेकिन उन्हें ग्रुप चरण में अभी चार और मौके मिलेंगे। पुर्तगाल की यह लगातार छठी जीत है। क्वालीफाइंग में किसी भी अन्य टीम ने इतनी जीत दर्ज नहीं की हैं। पुर्तगाल अब दूसरे नंबर पर काबिज स्लोवाकिया से पांच अंक आगे हो गया है। प्रत्येक ग्रुप से चोटी पर रहने वाली दो टीमें स्वतः ही क्वालीफाई करेंगी। यूरोपीय चैंपियनशिप के क्वालीफाइंग में सबसे बड़ी जीत का रिकॉर्ड अब भी जर्मनी के नाम है जिसने 2006 में सैन मेरिनो को 13-0 से हराया था। ग्रुप के अन्य मैचों में स्लोवाकिया ने लिचेंटसीन को 3-0 से और आइसलैंड ने बोस्निया-हर्जेगोविना को 1-0 से हराया। इस बीच ग्रुप डी में क्रोएशिया ने आर्मेनिया को 1-0 से हराया।



उसकी तरफ से आंद्रे क्रामारिच ने 13वें मिनट में गोल किया जो आखिर में निर्णायक साबित हुआ। इस जीत से क्रोएशिया ग्रुप में शीर्ष पर पहुंच गया है। इसी ग्रुप के एक अन्य मैच में वेल्स ने लाटविया को 2-0 से पराजित किया।

# कप्तान रोहित शर्मा ने कहा-यह मैच चुनौतीपूर्ण रहा

**कोलंबो, 12 सितंबर**

भारतीय टीम के कप्तान रोहित शर्मा ने एशिया कप फाइनल में पहुंचने के बाद खिलाड़ियों की जमकर तारीफ की। रोहित ने बताया कि कैसे एक साल से कुलदीप यादव लगातार कमाल कर रहे हैं। इसके साथ ही उन्होंने एक विकेट लेने वाले गेंदबाज की भी जमककर सराहना की।

रोहित शर्मा ने श्रीलंका पर मिली 41 रनों की

- ▶सभी खिलाड़ियों की जमकर की तारीफ
- ▶कुलदीप यादव पिछले एक साल से बेहतर खेल रहे हैं
- ▶हार्दिक पांड्या की गेंदबाजी की भी प्रशंसा की

जीत के बाद कहा कि वह ऐसी पिच पर खेलना चाहते थे। भारतीय कप्तान ने कहा- अच्छा मैच रहा। हमारे लिए भी थोड़ी चुनौतीपूर्ण पिच पर दबाव में ऐसा मैच खेलना जरूरी है। कई वजहों से यह चुनौतीपूर्ण रहा। निश्चित रूप से हम इस तरह की पिचों पर खेलना चाहेंगे, यह देखने के लिए कि हम क्या कर सकते हैं।

रोहित शर्मा ने उपकप्तान हार्दिक पंड्या के गेंदबाजी की तारीफ की है। 5 ओवर में 14 रन देकर उन्होंने एक विकेट लिया। रोहित ने हार्दिक की गेंदबाजी को लेकर कहा कि उन्होंने पिछले कुछ वर्षों में अपनी गेंदबाजी पर कड़ी मेहनत की है। यह रातोंरात नहीं होता और यह देखना सुखद है। ऐसा लग रहा था जैसे वह हर गेंद पर विकेट ले रहे हों। लक्ष्य बचाना आसान नहीं था क्योंकि अंत में पिच आसान हो गई। हमें एक लाइन पकड़कर बॉलिंग की। मुझे लगता है कि हमने काफी अच्छा प्रदर्शन किया।' भारत के लिए कुलदीप यादव ने दो दिन में 9 विकेट ले लिए हैं। रोहित शर्मा ने उनकी सफलता का राज बताते हुए कहा- पिछले एक साल से वह बहुत अच्छी गेंदबाजी कर रहे हैं। उन्होंने अपनी लय पर काफी मेहनत की है। वह ड्राइंग बोर्ड पर वापस गए और उस पर काम किया। गेंद अच्छी तरह से उनके हाथ से निकल रही है और आप पिछले 10 वनडे मैचों में परिणाम देख सकते हैं।



## रोहित के वनडे में 10,000 रन पूरे, भारत के छठे और दुनिया के 15वें बल्लेबाज बने

**कोलंबो, 12 सितंबर**

रोहित शर्मा एकदिवसीय अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में 10,000 रन बनाने वाले भारत के छठे और दुनिया के 15वें बल्लेबाज बन गए हैं।

### वनडे में तीन दोहरा शतक रोहित शर्मा के नाम है

भारतीय कप्तान ने श्रीलंका के खिलाफ मंगलवार को एशिया कप सुपर चार मैच में अपना 22वां रन पूरा करते ही यह विशिष्ट उपलब्धि हासिल की। वह तेज गेंदबाज कासुन रजिता पर उनके सिर के ऊपर से छक्का जड़कर इस मुकाम पर पहुंचे। कोहली ने पाकिस्तान के खिलाफ सोमवार को अपनी 122 रन की पारी के दौरान वनडे में 13,000 रन पूरे किए थे। रोहित का यह 248वां वनडे मैच है और वह 241वीं पारी में 10,000 रन के मुकाम पर पहुंचे। केवल कोहली (205 पारी) ने ही उनसे कम पारियों में यह उपलब्धि हासिल की थी। तेंदुलकर 259 पारियों में इस मुकाम पर पहुंचे थे। रोहित दुनिया के एकमात्र बल्लेबाज हैं जिन्होंने 50 ओवरों की क्रिकेट में तीन दोहरे शतक लगाए हैं। उन्होंने श्रीलंका के खिलाफ नवंबर 2014 में कोलकाता में 264 रन की पारी खेली थी जो वनडे में किसी बल्लेबाज का सर्वोच्च स्कोर है।

रोहित ने ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ नवंबर 2013 में 209 रन और श्रीलंका के खिलाफ दिसंबर 2017 में नाबाद 208 रन बनाए थे। उन्होंने अब तक इस प्रारूप में 30 शतक लगाए हैं। आयरलैंड के खिलाफ बेलफास्ट में 23 जून 2007 को वनडे में पदार्पण करने वाले रोहित ने ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ सर्वाधिक 2,251 रन बनाए हैं। उन्होंने श्रीलंका और वेस्टइंडीज के खिलाफ भी 1500 से अधिक रन बनाए हैं।

### 10000 रन बनाने वाले भारतीय बल्लेबाज

| | |
|---|---|
| सचिन तेंदुलकर | :18,426 रन |
| विराट कोहली | : 13,024 रन |
| सौरभ गांगुली | : 11,363 रन |
| राहुल द्रविड़ | : 10,889 रन |
| महेंद्र सिंह धौनी | : 10,773 |
| रोहित शर्मा | : 10,031 |

## रऊफ और नसीम का एशिया कप के बाकी मैचों में खेलना संदिग्ध

**कोलंबो।** पाकिस्तान के तेज गेंदबाज हारिस रऊफ और नसीम शाह का एशिया कप एकदिवसीय अंतरराष्ट्रीय प्रतियोगिता के बाकी बचे मैचों में खेलना संदिग्ध है। यह दोनों खिलाड़ी भारत के खिलाफ सुपर चार के मैच के दौरान चोटिल हो गए थे। पाकिस्तानी टीम प्रबंधन ने कहा कि शाहनवाज दहानी और जमान खान को एहतियात के तौर पर रऊफ और नसीम के बैकअप के तौर पर टीम में शामिल किया गया है। पाकिस्तान की टीम के बयान में कहा गया है कि पाकिस्तान ने शाहनवाज दहानी और जमान खान को बैकअप के रूप में टीम में शामिल किया है। हारिस रऊफ और नसीम शाह के भारत के खिलाफ मैच में चोटिल होने के कारण यह फैसला किया गया।

टीम प्रबंधन ने कहा कि ऐसा अगले महीने शुरू होने वाले वनडे विश्वकप से पहले खिलाड़ियों की फिटनेस को ध्यान में रखते हुए एहतियात के तौर पर किया गया है। रऊफ ने रविवार को पांच ओवर किए थे लेकिन सोमवार को रिजर्व दिन पर जब खेल शुरू हुआ तो वह मैदान पर नहीं उतरे। वह बाद में बल्लेबाजी के लिए भी नहीं आए। नसीम ने अपने कोटे के 10 ओवर पूरे किए लेकिन वह भारतीय पारी के 49वें ओवर के दौरान मैदान छोड़कर चले गए थे। उनके हाथ में चोट लगी है और वह भी बल्लेबाजी के लिए नहीं उतरे। पाकिस्तान की पारी आठ विकेट पर 128 रन पर समाप्त हो गई और इस तरह से भारत ने रिकॉर्ड 228 रन से जीत दर्ज की। पाकिस्तान को अपना अगला मैच गुरुवार को श्रीलंका के खिलाफ खेलना है।

## कुलदीप ने अपनी सफलता का श्रेय बदले हुए ऐक्शन को दिया

कुलदीप यादव ने वनडे में अपनी सफलता का श्रेय गेंदबाज़ी ऐक्शन में हुई तकनीकी बदलाव और अपनी आक्रामक लय को दिया है। बाएं हाथ का यह कलाईयों का स्पिनर इस साल भारत के लिए सबसे अधिक 27 वनडे विकेट ले चुका है। पाकिस्तान के ख़िलाफ़ हुए एशिया कप के सुपर-4 मैच में कुलदीप ने 5 विकेट लिए। कुलदीप ने कहा, मेरी सर्जरी को हुए 1.5 साल हो गए हैं।

अब मेरा रन-अप सीधा हो गया है और मैं गेंदबाज़ी लय में अधिक आक्रामक नज़र आता हूं। पहले गेंद फेंकते वक़्त मेरा दाहिना हाथ गिर जाता था, लेकिन अब नियंत्रण में और बल्लेबाज़ के सामने रहता है। इसके बावजूद मैं अपनी स्पिन और ड्रिफ़्ट नहीं खोता हूं और मेरी गति भी अब बढ़ी है। इन सब चीज़ों के एक साथ होने से मुझे काफ़ी मदद मिली है। अगर कोई लेग स्पिनर गुड लेंथ पर गेंदबाज़ी करता है तो उसके विकेट लेने के मौक़े बढ़ जाते हैं। अगर आप लेग स्पिनर हैं तो आप कुछ ख़राब गेंद भी फेकेंगे, लेकिन इससे आपको विकेट मिलने का भी मौक़ा बढ़ता रहेगा। कुलदीप ने भारत के पाकिस्तान के ख़िलाफ़ 228 रन के रिकॉर्ड जीत में 25 रन देकर 5 विकेट लिए और पाकिस्तानी टीम को सिर्फ़ 128 पर ऑलआउट कर दिया।

# छा गए श्रीलंका के दुनिथ वेलालागे

**कोलंबो, 12 सितंबर**

स्थानीय आर. प्रेमदासा स्टेडियम में एशिया कप 2023 में सुपर-फोर के अंतर्गत भारत और श्रीलंका के बीच खेले गए मुकाबले में मेजबान टीम के एक अनजान गेंदबाज ने भारतीय टीम के स्टार बल्लेबाजों की नींद उड़ा दी। भारत के टॉप ऑर्डर को तहस-नहस कर दिया। न केवल गेंदबाजी बल्कि अपनी बल्लेबाजी से भी सब का दिल जीत लिया। इस खिलाड़ी का आज से पहले विश्व क्रिकेट जगत अच्छे से नहीं जानता पर उसने अपने परफॉरमेंस से सबों को आश्चर्यचकित कर दिया। इस खिलाड़ी का नाम है। दुनिथ वेलालागे।। इस खिलाड़ी को कोई दुनिथ वेलालगे तो कोई दुनिथ वेल्लालागे भी कह रहा। श्रीलंका के इस वर्षीय लेफ्ट आर्म स्पिनर ने एक के बाद एक भारत के टॉप ऑर्डर को पवेलियन भेजना शुरू किया। शुभमन गिल (19), विराट कोहली (3), रोहित शर्मा (53) और केएल राहुल (39) को पवेलियन की राह दिखा दी। पाकिस्तान के खिलाफ शतक बनाने वाले इस गेंदबाज के आगे परेशान दिखे। 154 रन पर भारत के चार विकेट गिरा दिए। हार्दिक पांड्या का विकेट भी वेलालागे ने चटकाये। दुनिथ वेलालागे ने अपने पहले ओवर में शुभमन गिल, दूसरे ओवर में विराट कोहली और तीसरे ओवर में रोहित शर्मा का शानदार शिकार किया। केएल राहुल मैच के 30वें ओवर में आउट हुए। रोहित शर्मा का विकेट तो देखने लायक था। रोहित शर्मा 53 रन बनाकर खेल रहे थे, लेकिन गुड लेंथ पर डाली गई आर्म बॉल को खड़े-खड़े डिफेंड करनने की चाहत में फंस गए। दुर्भाग्यवश बॉल टप्पा खाकर काफी नीची रही और रोहित उसे परख नहीं सके। बल्ला तो लाया, लेकिन गेंद सीधा बल्ले को बीट करती हुई तेजी से लेग स्टंप पर जा लगी। रोहित कुछ देर पिच को देखते रह गए। 9 जनवरी 2003 को श्रीलंका की राजधानी कोलंबो में पैदा होने वाले वेलालागे ने बेहद कम उम्र में श्रीलंकाई टीम में जगह बनाई है। घरेलू क्रिकेट में उनके रिकॉड्र्स कमाल के हैं। 61 फर्स्ट क्लास और लिस्ट ए मैच मिलाकर 126 विकेट चटकाए हैं। भारत के खिलाफ इस चमत्कारिक प्रदर्शन से पहले उन्होंने 12 मैच में 13 विकेट लिए थे। 2022 में खेले गए अंडर-19 वर्ल्ड कप में 17 शिकार के साथ वह टूर्नामेंट के सबसे सफल गेंदबाज थे। टूर्नामेंट में स्कॉटलैंड और ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ पांच-पांच विकेट लिए थे। साथ ही कंगारुओं के खिलाफ 52 रन की पारी भी खेली थी। लंका प्रीमियर लीग में जाफना किंग्स के लिए खेलते हुए इस 20 साल के लड़के ने बड़े-बड़े धुरंधरों को धूल चटाई है।



- ▶भारत के खिलाफ बॉलिंग और बैटिंग दोनों में जलवा बिखेरा
- ▶टीम इंडिया के टॉप ऑर्डर को किया तहस-नहस
- ▶कुल पांच विकेट चटकाये और 42* रन भी बनाये




# केएल राहुल ने कहा-मैदान पर कोहली ने बढ़ाया हौसला

**कोलंबो, 12 सितंबर**

करीब छह महीने के अंतराल के बाद एक दिवसीय क्रिकेट में शतकीय पारी के साथ वापसी करने वाले केएल राहुल ने कहा कि क्रीज पर मौजूद महान बल्लेबाज विराट कोहली की हौसलाफजाई से उनके आत्मविश्वास में इजाफा हुआ और वह पाकिस्तान के खिलाफ भारत की जीत में अहम योगदान दे सके।



### कोहली हैं महान, वह अद्भुत हैं

स्टार स्पोर्ट्स के साथ एक विशेष बातचीत में केएल राहुल ने विराट को महान बल्लेबाज बताते हुये कहा कि उन्होंने 13 हजार रन बनाए हैं। मैं उस आदमी के बारे में कुछ नहीं कह सकता, वह बिल्कुल अद्भुत है। यह बताने के लिए शब्द कम हैं कि वह कितना महान क्रिकेटर है। मैंने हमेशा मध्यक्रम में उनके साथ खेलने में सहज महसूस किया है। ऐसा नहीं है कि वह केवल अपने लिए ही कड़ी मेहनत करता है, वह अपने साथी की दौड़ में भी बहुत मेहनत करता है। हमारे बीच अच्छा तालमेल है।

उन्होने कहा '' मैच के दौरान उन्होंने मुझे कुछ समय दिया। मैंने कहा था कि मुझे त्वरित सिंगल्स हासिल करने के लिए कुछ समय चाहिए क्योंकि मुझे अपने शरीर में आरामदायक और आत्मविश्वास महसूस करने की ज़रूरत है, और वह इसे समझते थे। उसके बाद हमने लय हासिल कर ली। वह वही कर रहे थे जो वह सबसे अच्छा करते हैं और इससे मुझे खेल में उतरने का कुछ समय मिल गया और मैंने अपने शॉट्स खेलना शुरू कर दिया। हम बस खुद को याद दिला रहे थे कि हमें उचित क्रिकेट शॉट्स खेलने होंगे और अपनी ताकत के अनुसार खेलना होगा।

### पाकिस्तान के खिलाफ शुरू में घबराहट थी

भारत ने सोमवार को एशिया कप सुपर फोर चरण के मुकाबले में पाकिस्तान को 228 रन से हराया था। करीब छह महीने के लंबे अंतराल के बाद एक दिवसीय क्रिकेट में वापसी कर रहे केएल राहुल ने इस अहम मुकाबले में 111 रनो की नाबाद पारी खेली। उन्होने कहा कि जाहिर तौर पर, लंबे समय के बाद यह मेरा पहला अंतरराष्ट्रीय मैच था। इसलिए जब मैं बल्लेबाजी करने उतरा तो मुझे शुरुआती घबराहट थी। मुझे खुद को शांत करने और अपने पैरों को हिलाने, अपना दिमाग ठीक करने में 10-15 गेंदें लगीं। फिर, मैंने एक या दो चौके लगाए, जिससे मेरा आत्मविश्वास बढ़ा। लेकिन जैसे ही मैंने अपनी लय हासिल की, बारिश शुरू हो गई। दुर्भाग्य से, बारिश शुरू हो गई और मुझे पूरे दिन इंतजार करना पड़ा।

उन्होने कहा कि दूसरे दिन हमें पारी शुरू होने का इंतजार करना पड़ा। फिर से, पहली 10-15 गेंदें थोड़ी घबराहट वाली थीं, और उसके बाद, एक बार जब आप खेलना शुरू करते हैं, एक बार जब आप बीच में कुछ गेंदों को मारना शुरू करते हैं, तो आप उन चीजों के बारे में भूल जाते हैं, और फिर आप यह सोचना शुरू कर देते हैं कि आप कहां रन बना सकते हैं और मुझे क्या करना है। मुझे ऐसा ही लगा, और जब आप लगातार समय तक खेलते हैं तो ऐसा अक्सर नहीं होता है।

## कोच ग्रांट ब्रैडबर्न ने कहा- भारत से मिली हार से गल्तियां सुधारने का मौका मिलेगा

**कोलंबो।** भारत से एशिया कप सुपर फोर मुकाबले में मिली करारी शिकस्त को पाकिस्तान के लिये करारा सबक करार देते हुये टीम के मुख्य कोच ग्रांट ब्रैडबर्न ने कहा कि विश्व कप जैसे अहम टूर्नामेंट से पहले मिली इस हार से पाकिस्तान की टीम को अपनी कमजोरियों को सुधारने का मौका मिलेगा। एशिया कप में सोमवार को भारत ने पाकिस्तान को 228 रनों से हराया था। ब्रैडबर्न ने कहा '' हम भारतीय टीम के शुक्रगुजार हैं जिन्होने विश्व कप से पहले हमें हमारी कमजोरियों को जानने का अवसर दिया। हम तीन महीने से कोई मैच नहीं हारे थे मगर यह मुकाबला दुनिया के सर्वश्रेष्ठ बल्लेबाजी के खिलाफ था। विश्वकप से पहले हमें भारत से भिड़ने का अच्छा मौक़ा मिला। इस मैच ने हमको याद दिलाया है कि आप को हर रोज़ पूरी तीव्रता से मैदान पर उतरना होता है।''

उन्होने कहा '' हमारी बल्लेबाज़ी पिछले महीने से ठीक नहीं चली है, लेकिन हमें अपने बल्लेबाजों पर पूरा भरोसा है। हमने चयन में निरंतरता दिखाई है। हम हर स्थान के लिए प्रबल दावेदारों को प्रोत्साहित कर रहे हैं।




# वनडे में दक्षिण अफ्रीका की ऑस्ट्रेलिया पर बंपर जीत

**पोटचेफस्ट्रूम, 12 सितंबर**

ऑस्ट्रेलिया को 111 रन के विशाल अंतर से हराते हुए दक्षिण अफ्रीका ने पांच मैच की वनडे सीरीज में जबरदस्त वापसी की है। सर्वाधिक पांच बार की वर्ल्ड चैंपियन ऑस्ट्रेलिया को आखिरकार मेजबानों से चुनौती मिल ही गई। एडेन मार्कराम के दूसरे वनडे शतक के बूते दक्षिण अफ्रीका ने अपना चौथा सबसे बड़ा स्कोर बनाते हुए कंगारुओं को 35 ओवर के अंदर निपटा दिया। क्विंटन डी कॉक और कप्तान टेम्बा बावुमा ने दक्षिण अफ्रीका को 21 मैच में पहली शतकीय साझेदारी देते हुए स्कोरबोर्ड पर छह विकेट पर 338 रन का विशाल स्कोर टांगा फिर अपने स्पिनर्स तबरेज शम्सी और केशव महाराज की जोड़ी के दम पर ऑस्ट्रेलिया 34.3 ओवर में 227 रन पर समेट दिया। श्रृंखला का चौथा मुकाबला सितंबर को सेंचुरियन में खेला जाएगा।

इस रनचेज में एक वक्त ऑस्ट्रेलिया पूरी तरह लय में नजर आ रहा था। 15वें ओवर में उसका स्कोर 1 विकेट पर 140 रन भी हो चुका था, लेकिन जब

तबरेज शम्सी ने मिशेल मार्श को आउट किया तो स्कोर 87 रन पर 9 विकेट हो गया। केशव महाराज ने 37 रन पर दो विकेट लिए, जो उनके वनडे कैरियर की तीसरी सबसे

- ▶कुल पांच जीत के बाद ऑस्ट्रेलिया को मिली पहली हार
- ▶तीसरे वनडे में दक्षिण अफ्रीका 111 रनों से जीता
- ▶एडेन मार्करम ने ठोका तूफानी शतक

किफायती गेंदबाजी थी। ऐसे स्थान पर जहां गेंद की गति पर रन बनाना सबसे कठिन था, दोनों बल्लेबाजी क्रम ने पहले तेजी से स्कोर जुटाए और बाद में धीमी गेंदों और स्पिन के खिलाफ संघर्ष किया।

डी कॉक और बावुमा ने दक्षिण अफ्रीका के पहले 10 ओवरों में 64 रन बनाए तो ऑस्ट्रेलिया के लिए डेविड वार्नर, ट्रेविस हेड और मार्श ने अपने पावरप्ले में 104 रन बनाए, जो इस प्रारूप में उनका चौथा सबसे बड़ा स्कोर है। दक्षिण अफ्रीका के पास जो चीज थी वह ऑस्ट्रेलिया के पास नहीं थी। यानी मिडिस ओवर्स के कुशल बल्लेबाज, जिन्होंने मध्य अवधि में गियर और साझेदारियां बदलीं। उदाहरण के लिए डी कॉक ने पहली 18 गेंदों का सामना करते हुए केवल 3 रन बनाए और अगले 74 गेंदों में 79 रन बनाए जबकि दक्षिण अफ्रीका ने एक शतकीय साझेदारी की और दो पचास रनों की साझेदारी की, जिसमें छठे विकेट के लिए एक साझेदारी भी शामिल थी, ऑस्ट्रेलिया ने कोई साझेदारी नहीं की।विकेट चटकाये और रन भी बनाये

